पब्लिक डेवलेपमेन्ट पार्टी

मुख्य कार्यालयः मुरलीपुर शेख सलाहन तकिया, चिनहट, लखनऊ

पत्रांकः ....

दिनॉकः 03.06.2022

सेवा में,

श्रीमान् संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी,
चतुर्थ तल, विकास भवन, जनपथ मार्केट,
लखनऊ – 226001

विषयः– **आपके पत्र संख्या 1944/निर्वाचन–2–228/2020 दिनॉक 01 जून 2022 के सम्बन्ध में पत्र।**

महोदय,

1– विनम्र निवेदन है कि आपके पत्र संख्या 56/पोल पार्टीज/2021/पी0पी0एस–3 दिनॉक 25 मई 2022, पत्र संख्या 1338/सी0ई0ओ0–2 दिनॉक 28 मई 2022, पत्र संख्या 1378/सी0ई0ओ0–2 दिनॉक 28 मई 2022 तथा पत्र संख्या 1944/निर्वाचन–2–228/2020 दिनॉक 01 जून 2022 के सम्बन्ध में प्रार्थी का उत्तर/निवेदन निम्न है।

2– यह कि आपके द्वारा उपरोक्त पत्रों में संलग्नक प्रपत्रों के साथ आवश्यक प्रपत्र जानकारी हेतु भेजे गये हैं जो प्रार्थी को प्राप्त हुये एवं राजनैतिक दलों के निर्वाचन व्यय के विवरण की सूचना दिये जाने के निर्देश हैं जिसके विषय में प्रार्थी का निवेदन है कि वर्ष 2017–18 में पार्टी में 396 सदस्य थे जिनके द्वारा सदस्यता शुल्क के रूप में रू0 3,960/– प्राप्त हुआ और वर्ष 2016–17 का शेष रू0 44/– मिलाकर कुल रू0 4,004/– हुआ जिसमें पार्टी की मीटिंगों में खर्च के रूप में रू0 3,984/– व्यय हुआ तथा शेष रू0 20/– बचा।

3– यह कि वर्ष 2018–19 में पार्टी में कुल 432 सदस्य थे जिनके द्वारा सदस्यता शुल्क के रूप में रू0 4,320/– प्राप्त हुआ और पिछले वर्ष का शेष रू0 20/– मिलाकर कुल रू0 4,340/– हुआ जिसमें से पार्टी द्वारा वर्ष 2018–19 में की गई मीटिंगों में रू0 4,325/– व्यय हुआ तथा अगले वित्तीय वर्ष के लिये रू0 15/– शेष बचा।

4– यह कि वर्ष 2019–20 में पार्टी में कुल 408 सदस्य थे जिनके द्वारा सदस्यता शुल्क के रूप में रू0 4,080/– प्राप्त हुआ तथा पिछले वर्ष का शेष धन मिलाकर कुल रू0 4,095/– हुआ जिसमें पार्टी की मीटिंगों तथा पार्टी कार्यों के लिये यात्राओं के रूप में कुल रू0 4,090/– खर्च हुआ तथा शेष रू0 5/– बचा।

अतः श्रीमान् जी से निवेदन है कि आपके उपरोक्त पत्रों के विषय में पब्लिक डेवलपमेण्ट पार्टी की ओर से यह पत्र स्वीकार करने की कृपा करें।

नसीम अहमद

नसीम अहमद
कोषाध्यक्ष
पब्लिक डेवलेपमेन्ट पार्टी
मुरलीपुर शेख सलाहन तकिया
चिनहट, लखनऊ

नसीम अहमद
कोषाध्यक्ष
मो0–8799116008